संदीप, रमेश व

तालाब खुदाई में ग्रामीणों ने किया श्रमदान

निजामपुर खंड के गांव पांचनौता में तालाब की खुदाई करते ग्रामीण व संस्था सदस्य। (छाया: पंजाब केसरी)

निजामपुर, (पंजाब केसरी): एस.एम. सहगल फाउंडेशन व एच.डी.एफ.सी. बैंक के द्वारा चलाई जा रही परिवर्तन परियोजना के तहत आज गांव बायल व पांचनोता गांव के तालाब में खुदाई का कार्य शुरू किया गया। संस्था के सदस्य हनुमान शर्मा व शैलेश पंत ने बताया कि हमारी संस्था व एच.डी.एफ.सी. बैंक के द्वारा चलाई जा रही नौ गांव में परिवर्तन परियोजना के तहत गांव बायल व पांचनोता में तालाबों की खुदाई का कार्य शुरू किया गया है। जिसमें ग्रामीण के द्वारा तालाब की खुदाई के लिए श्रमदान किया गया। हनुमान शर्मा ने बताया कि संस्था इस क्षेत्र में पानीए कृषि और महिला सशक्तिकरण पर कार्य कर रही है। जिसके तहत गांव पांचनोता व बायल में तालाब की खुदाई शुरू की गई हैं। उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा पहले भी पांचनोता व सरेली गांव के तालाबों का निर्माण करवाया जा चुका है। उसी प्रकार पांचनोता में दूसरे तालाब की खुदाई ग्रामीणों द्वारा श्रमदान के बाद शुरू की गई है। इस अवसर पर श्रमदान में संस्था के सदस्य विरेंद्र कुमार, रमेश, संजीव, मुनेश व अनेक पुरुष व महिलाएं इस श्रमदान में भाग लिया।

Labour contribution by the community for pond excavation

Date and Publication: Punjab Kesari, June 21, 2019

Community members came forward to contribute labour for the pond excavation work being done in village Bayal and Panchnauta in district Mahendragarh, Haryana under project Parivartan, a partnership between S M Sehgal Foundation and HDFC Bank. Few ponds have already been constructed in villages Panchnauta and Sareli with community contribution.